राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल श्री फागू चौहान ने श्री जीतन राम माँझी को बिहार विधान सभा के अध्यक्ष पद के कर्त्तव्यों के निर्वहन हेतु शपथ दिलायी

पटना, 19 नवम्बर 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज राजभवन में श्री जीतन राम माँझी (निर्वाचित सदस्य, बिहार विधान सभा क्षेत्र संख्या–227, इमामगंज, अ॰जा॰) को पूर्वाह्न **11.00** बजे बिहार विधान सभा के अध्यक्ष पद के कर्त्तव्यों का श्रद्धापूर्वक निर्वहन करने हेतु शपथ दिलायी।

ज्ञातव्य है कि राज्यपाल ने 'भारत के संविधान' द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार विधान सभा के सदस्य श्री जीतन राम माँझी को दिनांक 23.11.2020 से 24.11.2020 तक के लिए, जबतक अध्यक्ष का निर्वाचन नहीं हो जाता है, अध्यक्ष पद के कर्त्तव्यों का पालन करने के निमित्त नियुक्त किया है।

....